तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 17 फरवरी 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में...





12 जिपं क्षेत्र 9 में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं...




## खबर संक्षेप

### घायल युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में ईलाज के दौरान 5 बीएन जगदलपुर निवासी 27 वर्षीय रिषभ त्यागी का 15 फरवरी को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 150वीं लावारिस शव का किया जनसहयोग से अंतिम संस्कार

**कांकेर।** समाजसेवी संस्था जन सहयोग के द्वारा लावारिस शव का अंतिम संस्कार पुलिस विभाग की अपील पर किया गया। संस्था द्वारा अब तक 150 लावारिस शव का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस विभाग के पत्रानुसार घटना इस प्रकार है कि 13 फरवरी को काँकेर थाना में सिंगारभाट के पास से बहने वाली हटकुल नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। शव का पीएम करवाया और पहचान के लिए प्रयास किया गया। शव का कोई वारिस न मिलने के कारण शव क्लेम करने कोई नहीं आया, इसलिए लावारिश शव का दूध नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा पुलिस विभाग से प्रवीण ठाकुर, धनेश ध्रुव आरक्षक, उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी आदि ने सहयोग दिया।

चुनाव : 6 जिला पंचायत सदस्य के लिए आज होगा चुनाव, विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर

# ग्राम सरकार के लिए कांकेर, चारामा और नरहरपुर ब्लाकों में आज मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के 13 में से 06 जिला पंचायत सदस्य का सोमवार को चुनाव होगा, इन जिला पंचायतों के क्षेत्र कांकेर, नरहरपुर और चारामा विकासखंड के अंतर्गत की ग्राम पंचायते आती है। तीनों विकासखंड के जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के लिए भी आज चुनाव होगा। मतदान सुबह पौने सात बजे से प्रारंभ होगा और दोपहर 2 बजे समाप्त होगा। उसके उपरांत सबसे पहले पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य की मतगणना की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य को जिताने को लेकर कांकेर विधायक आशाराम नेताम और भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी का दांव लगा हुआ है।

- नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत का पड़ेगा प्रभाव
- मतदान पौने सात बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा, उसके बाद शुरू होगी मतगणना




### अधिकृत प्रत्याशियों की जिताने पार्टियों के पदाधिकारी तैनात

जिला पंचायत सदस्य के अधिकृत प्रत्याशियों की जिताने के लिए भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी जिताने के लिए डटे हुए है। विधानसभा कांकेर के 04 भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए भाजपा संगठन ने विधायक सहित अन्य कई पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा है, वहीं विधानसभा भानुप्रतापपुर के 02 अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस में इस तरह की जिम्मेदारी का पत्र जारी नहीं किया गया है। कांग्रेस कई जिला पंचायत क्षेत्रों में अधिकृत प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर पाई।

कांकेर विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत के 04 क्षेत्र आते है। क्षेत्र क्रमांक 01 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमित्रा मारकोले उगता सूरज छाप से और दूसरी प्रत्याशी मृदुला भास्कर से आमने सामने टक्कर है। क्षेत्र क्रमांक 02 में 09 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी अनुसूईया सोनवानी दो पत्ती छाप से, अर्चना कमल नागवंशी उगता सूरज, दुर्गा नायक पतंग, कुंती हिरामन नाग छाता, मंजू बारले गाड़ी, रेश्मा फावड़ा और बेलचा, शांति बाई बल्ब, सुलोचना मेश्राम सिलाई मशीन, तरूणा टांडिया हाथ चक्की मैदान में है जिसमें भाजपा अधिकृत है। क्षेत्र क्रमांक 03 में 04 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी पुष्पा मंडावी पतंग छाप से, अन्नपूर्णा ठाकुर दो पत्ती, चंद्रवती नेताम उगता सूरज, सावित्री संजना वट्टी छाता छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 04 में 03 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा अधिकृत प्रत्याशी तारा ठाकुर पतंग छाप से, हेमलाल मरकाम दो पत्ती, संजूलता नेताम उगता सूरज छाप से मैदान में है। प्रथम चरण के चुनाव के तहत भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के 02 जिला पंचायत क्षेत्र आते है, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 05 में 03 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा अधिकृत प्रत्याशी तिजेश्वरी सिन्हा पतंग छाप से, अनिता जैन दो पत्ती, मिथलेश ▶▶ शेष पेज 10 पर

### विकासखंड कांकेर के 76025 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड कांकेर के अंतर्गत 64 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड कांकेर में 76025 मतदाता है, जिसमें 36225 पुरूष और 39799 महिला मतदाता शामिल है। 64 पंचायत के 821 वार्ड पंच, 64 सरपंच और 16 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है। इसके अलावा दो जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 01 और 02 के लिए मतदान होगा। इसके लिए विकासखंड कांकेर में 168 मतदान केंद्र बनाए गए है।

### नरहरपुर के 83607 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत 71 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड नरहरपुर में 83607 मतदाता है, जिसमें 40158 पुरूष और 43449 महिला मतदाता शामिल है। 71 पंचायत के 953 वार्ड पंच, 71 सरपंच और 19 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है। इसके अलावा दो जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 और 04 के लिए मतदान होगा। इसके लिए विकासखंड कांकेर में 168 मतदान केंद्र बनाए गए है।

### चारामा के 77471 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड चारामा के अंतर्गत 64 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड चारामा में 77471 मतदाता है, जिसमें 37629 पुरूष और 39842 महिला मतदाता शामिल है। 64 पंचायत के 862 वार्ड पंच, 64 सरपंच और 17 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है। इसके अलावा दो जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 05 और 06 के लिए मतदान होगा। इसके लिए विकासखंड कांकेर में 133 मतदान केंद्र बनाए गए है।

## बीमा कंपनी ने किसान को दावा भुगतान देने से किया इनकार, आयोग ने दी राहत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गरीब किसान को फसल बीमा कंपनी के द्वारा बीमा राशि नहीं दिए जाने पर किसान ने बीमा कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में प्रकरण कायम किया और आयोग ने सुनवाई करते हुए गरीब किसान को बीमा दावा राशि देने का आदेश सुनाया, इसके साथ ही मुक़दमे का खर्चा तथा आर्थिक व मानसिक परेशानी की क्षतिपूर्ति राशि देने कंपनी को आदेशित किया। जानकारी के अनुसार कुरना निवासी 50 वर्षीय पुष्कर प्रसाद मिश्रा पिता कमल प्रसाद मिश्रा द्वारा वर्ष 2020 में 1.75 हेक्टेयर जमीन में लगी फसल के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पंडरी रायपुर से बीमा करवाया था। बीमा कंपनी के कागजात में त्रुटिवश ग्राम मरकाटोला लिख दिया गया, जिसके कारण स्थिति यह हो गई कि गांव के अन्य सभी किसानों को बीमा दावा राशि मिल गई, लेकिन याचिका दायर करने वाले किसान को राशि नहीं मिला और त्रुटि का जिम्मेदार भी उसी को ठहरा दिया गया। बीमा कंपनी के इस प्रकार मुकर जाने से व्यथित होकर किसान द्वारा उपभोक्ता आयोग की शरण लिया। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी द्वारा समस्त प्रकरण की सूक्ष्म विवेचना करने के पश्चात फैसले में आदेश दिया गया कि बीमा कंपनी पीड़ित किसान को बीमा दावा राशि का एक माह के भीतर 7 प्रतिशत साधारण ब्याज सहित भुगतान करें। इस अवधि में भुगतान नहीं करने पर 9 प्रतिशत की ब्याज दर लागू किया जाएगा। बीमा कंपनी तथा स्टेट बैंक मुख्य शाखा कांकेर को भी सेवा में कमी का दोषी पाया गया। आदेश दिया गया कि आर्थिक एवं मानसिक परेशानी के लिए पीड़ित किसान को 10 हजार रूपएं की राशि तथा मुक़दमे का हरजाना खर्चा 3000 रूपएं भी 1 महीने के अंदर प्रदान किया जाए।

## पंचायत चुनाव : अंतिम समय तक चला जनसंपर्क व एजेंटों की नियुक्ति की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





पंचायत चुनाव के लिए प्रथम चरण के तहत आने वाली ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में अंतिम समय तक जनसंपर्क करते हुए लोग नजर आएं, वहीं प्रत्येक प्रत्याशी अपने अपने एजेंट की नियुक्ति करने की कार्यवाही को पूरा किया। प्रथम चरण के तहत तीनों विकासखंड में सुबह पौने 7 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा।

मतदान के एक दिन पहले तक गांव की सत्ता पर काबिज होने वाले जनसंपर्क करते हुए नजर आएं और उनका कहना था कि गांव के कई चक्कर लगा चुके है। प्रत्याशियों के सर्मथक 16 फरवरी की रात तक भ्रमण करते हुए नजर आएं और अपने पक्ष में मतदान करवाने के लिए लोगों के पैर छूते हुए नजर आएं। रातभर में कई प्रत्याशियों का समीकरण बन जाता है और बिगड़ जाता है। जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के सर्मथक और कार्यकर्ता देर शाम तक जनसंपर्क करते हुए नजर आएं, वहीं प्रथम चरण में कांग्रेस के समर्थक ज्यादा नजर नहीं आएं। गांव का चुनाव होने के कारण इसका परिणाम गांव स्तर तक सिमट जाता है। भाजपा के संगठन के पदाधिकारियों की मानें तो नगरीय निकाय चुनाव में जिस प्रकार से परिणाम आएं है, उसी तरह से परिणाम पंचायत चुनाव में आने की संभावना है। हमारे बूथ स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करने में पहले दिन से डटे रहे है, वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी इस तरह के बयान देने के लिए अभी तक सामने नहीं आएं है। पंचायत चुनाव में बैलेट पेपर पर मतदान होने से मतपत्र के निरस्त होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है और यही प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ देती है। दो बजे तक मतदान होगा और उसके उपरांत मतगणना मतदान केंद्र में ही शुरू हो जाएगी। पंच, सरपंच और जनपद सदस्य का परिणाम आने के बाद हो हल्ला शुरू हो जाता है। जिला पंचायत की मतगणना के लिए रात हो जाती है, यह मतगणना हो हल्ला के मध्य होती है, इस समय तक पुलिस को सुरक्षा का ध्यान रखना होता है और गेट के अंदर किसी को जाने तक नहीं दिया जाता है।

## ट्रैक्टर की ठोकर से दो घायलों की मौत, एक गंभीर हायर सेंटर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम उंकारी के पुलिया के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक में सवार तीन लोगो को चोट आई थी। तीनो को चारामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

- आरोपी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

गंभीर चोट आने की वजह से दो लोगो की मौत हो गई और गंभीर रूप से एक घायल को हायर सेंटर रिफर किया गया। दो लोगो की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 6467 से धनंजय टेकाम व मुरलीधर मण्डावी एवं संतोष कांगे निवासी ग्राम साल्हेटोला, चारामा से वापिस घर 15 जनवरी को शाम साढ़े 6 बजें साल्हेटोला जा रहें थे। उंकारी रोड पुलिया के पास सामने से आ रही ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 24 यू 8027 का चालक अपने वाहन को तेजगति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल वाहन सीजी 19 बीटी 6467 ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे तीनो




मोटर सायकल सहित रोड किनारे अलग अलग गिर गए। धनंजय टेकाम के सिर, कंधा एवं मुरलीधर के दाहिना कंधा, सीना, सिर, चेहरा और संतोष कांगे के सीना व हाथ में गंभीर चोट लगा था। दुर्घटना में मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायलो को निजी वाहन से चारामा अस्पताल में ईलाज के लिए ले गए।

धनंजय एवं मुरलीधर को गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई एवं संतोष कांगे को बेहोशी की हालत में ईलाज के लिये चारामा से कांकेर अस्पताल किया गया। पुलिस ने विवेचना के आधारा पर आरोपी वाहन क्रमांक सीजी0 24 यू 8027 के चालक के द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से प्रथम दृष्टया धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## निकाय चुनाव में भाजपा की जीत साय सरकार पर अटल विश्वास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की बंपर जीत को लेकर भाजपाईयों में खुशी की लहर है और इस जीत के बाद भाजपाईयों का मानना है कि भाजपा ने सवा साल में जो काम किया है, यह जीत उसी का परिणाम है। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे को भाजपा के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके जिले के नगरीय निकायों को अराजकता की दिशा में धकेलने का षड्यंत्र रचा था, जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है और कांग्रेस की दुर्गति उसी का परिणाम है। भाजपा के विकास और सुशासन के प्रति अगाध समर्थन की प्रचंड आंधी में कांग्रेस एक बार फिर तिनके की तरह उड़ गई है। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार और अधिक ताकत के साथ न केवल युवाओं, महिलाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनके विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगी, अपितु उनकी संभावनाओं के आकाश पर उनके सपनों को उड़ान भरने का पूरा मौका देगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि निकाय चुनावों में इस शानदार जीत के साथ भाजपा सर्वांगीण विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके पूरे जिले को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल-कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त जिला बनाने का काम करेगी। उन्होने कहा कि कांग्रेसी-दुराग्रह को जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

नगर पालिका कांकेर के विजयी अध्यक्ष प्रत्याशी अरुण कौशिक, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के निखिल सिंह राठौर, अंतागढ़ के राधे लाल नाग व पखांजुर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा ने कहा कि भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के अटल विश्वास पत्र पर जो भरोसा जताया है, भाजपा की सरकार के विकास की सोच, जनकल्याणकारी नीति और सेवा व सुशासन की नीयत के साथ प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता जगजाहिर है। जनता ने भाजपा पर जो भरोसा जताया है, पार्टी उस पर खरी उतरेगी ।

त्रिस्तरीय पंचायत के पहले चरण के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आज मतदान, पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले के पहले चरण में कांकेर, नरहरपुर और चारामा विकासखंड में सोमवार 17 फरवरी को मतदान होगा, जिसमें ग्रामीण मतदाता अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिए वोट डालेंगे। इसी क्रम में जिले के तीनों ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव संपन्न कराने 16 फरवरी की सुबह दल रवाना हुए। त्रिस्तरीय पंचायत के पहले चरण का मतदान करवाने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी कांकेर अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच व पंच पदों के लिए 16 फरवरी की सुबह सभी पोलिंग पार्टी को नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से अपने नियत मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया और सोमवार 17 फरवरी को सुबह पौने सात बजे से दोपहर 2 बजे तक मैनुअल तरीके से मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत कांकेर में कुल मतदान केंद्र 168 स्थापित किए गए हैं, जहां 672 मतदान कर्मी चुनाव संपन्न कराएंगे और जनपद पंचायत कांकेर में 13 सेक्टर बनाए गए हैं। इसी तरह चारामा में 133 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 532 मतदान कर्मी और नरहरपुर में 132 मतदान केंद्रों में 528 मतदान कर्मी चुनाव संपन्न कराएंगे। सभी मतदान दलों में एक पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो और तीन के अलावा एक-एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुरक्षाकर्मी और कोटवारों की ड्यूटी भी लगाई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान केंद्रों में मतदान दलों के रुकने और एवं अन्य व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जा चुकी है। मतदान अधिकारियों को सामग्री वितरित करने के उपरांत तहसीलदार कांकेर पुष्पराज पात्र, नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन उत्साहवर्धन करते हुए मतदान दलों को गंतव्य के लिए रवाना किया। मतदान दलों पर मतदान करवाने वाले अधिकारी पहुँचकर 16 फरवरी को मतदान केंद्र पर सील लगाने का काम करते हुए नजर आएं। उन्होने बताया कि सील लगाने का काम करना था, इसलिए उसे करने में लगे हुए है। मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्था से खुश नजर आएं।

- जिपं सदस्य, जनपद सदस्य और सरपंच व पंच पदों के लिए होंगे मतदान






### कोचिए के कब्जे से 23 पौवा देशी शराब जब्त



**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस ने शराब का अवैध परिवहन कर रहें शराब कोचिए को पकड़ा और उसके कब्जे से 23 पौवा देशी शराब को जप्त किया। पुलिस ने मुखबिर से मिली जानकारी की को तस्दीक कर बताए गए स्थल की घेराबंदी किया। कार्यवाही के दौरान एक संदेही जो पिट्टू बैग लेकर जा रहा था, जिसे मौके पर पकड़कर नाम पूछने पर अपना नाम चारामा थानांतर्गत कसावाही निवासी 26 वर्षीय अमीन कुमार नेताम पिता चेतन नेताम बताया। तालाशी लेने पर युवक के बैग से 23 नग शोले प्लेन देशी शराब किमती 2070 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### चूरेगांव में पेड़ से गिरा युवक, पार्षद संगीता राव ने पहुंचाया अस्पताल

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चूरेगांव निवासी रतिराम मरकाम पिता राजमन मरकाम पेड़ में ईमली तोड़ने चढ़ा हुआ था। ईमली तोड़ने के दौरान वह पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल रतिराम राम को फरसगांव नगर के वार्ड क्रमांक 07 के नव निर्वाचित पार्षद संगीता प्रवीण राव की सहायता से तत्काल उपचार हेतु स्कूटी वाहन से फरसगांव अस्पताल लाया गया । घायल के सर में अंदरूनी चोट आने के चलते उसका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### ट्रिपल इंजन की सरकार में जगदलपुर होगा अब और ज्यादा विकसित : कश्यप

**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप ने नगर निगम में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते कहा कि जनता का विश्वास मिला है। इसलिए सभी वायदे मिलकर पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने जीत का परचम लहराया है। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार के माध्यम से अब ज्यादा तेजी से शहर विकसित होगा। उन्होंने कहा महापौर संजय पांडे के साथ हम जगदलपुर को मिलकर संवारेंगे।

### आकाश नगर में शिवालय में प्राणप्रतिष्ठा होगी 21 को

**जगदलपुर।** शहर के गांधी नगर वार्ड आकाश नगर के नर्मदेश्वर शिवालय में 19 से 22 फरवरी तक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 19 फरवरी को वेदी पूजन, 20 को औषधि स्नान और नगर भ्रमण, 21 को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और 22 को महाभंडारा होगा।

### संविदा चिकित्सक को नोडल अधिकारी से मुक्त करें

**जगदलपुर।** प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रातांध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने बताया कि मिशन संचालक एनएचएम रायपुर द्वारा जिला चिकित्सालय जगदलपुर में नेशनल ट्यूबर क्लोसिस इराडिकेशन प्रोग्राम के तहत एक वर्ष 31 मार्च 2025 तक के लिए डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन को संविदा नियुक्ति दी गई है, जिससे बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी रोगियों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर द्वारा मूल कार्य से हटाकर नर्सिंग होम एक्ट का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## पेज 9 के शेष

### ग्राम सरकार के...

शोरी उगता सूरज छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 06 में 05 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण नरेटी दो पत्ती छाप से, कुंती मंडावी उगता सूरज, मिथलेश्वरी साहू पतंग, नवलीमीना मंडावी छाता और राजमणि ठाकुर गाड़ी छाप से मैदान में है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की स्पर्धा में जीते सैकड़ों पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

## 41वीं वाहिनी आईटीबीपी के सहयोग से हासिल की शानदार उपलब्धि

41वीं वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में संचालित खेल कार्यक्रमों के तहत कोण्डागांव के युवाओं ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2016 से लगातार आईटीबीपी द्वारा इन क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। 41वीं वाहिनी द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने 2016 से 2025 के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 328 पदक जीते, जिसमें 143 स्वर्ण, 94 रजत और 91 कांस्य पदक शामिल हैं। इनमें राष्ट्रीय स्तर पर 18 पदक और राज्य स्तर पर 291 पदक प्राप्त हुए हैं।

41वीं वाहिनी के प्रयासों की सराहना करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि इन युवाओं ने खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। आईटीबीपी ने इन खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।



### हेमवती नाग प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से हुईं सम्मानित

इसके अलावा हेमवती नाग जो कि बाल कल्याण परिषद कोण्डागांव की छात्रा हैं और 41वीं वाहिनी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, उन्हें 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत साबित होगा।

## कार्रवाई : राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों ने चलाया अभियान

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर पालिका की कार्रवाई, 17 लोगों से वसूला 28 सौ रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद के राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों ने रविवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बैन अभियान चलाते हुए नगर के मटन मार्केट एवं साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान 17 लोगों से कुल 2800 रुपए का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में की गई।

- प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों की डंडियां आदि डंडियां आदि बरामद किया

गौरतलब है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रलय, भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2022 से कतिपय सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। समय–समय पर चलाए जा रहे इस प्रकार के अभियानों का असर दिखने लगा है और कुछ दुकानदारों ने जागरुकता दिखाते हुए कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैग्स का उपयोग शुरू कर दिया है। प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों की डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, एवं थर्मोकोल की सजावटी सामग्री,प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी आइटम्स। सिगरेट पैकेट पर लपेटने वाली प्लास्टिक फिल्म के साथ 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर एवं स्टीकर शामिल है। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।



## चुनाव कराने 275 मतदान दल को जपं कोंडागांव से किया गया रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोंडागांव जनपद पंचायत अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 275 मतदान दल को आज जनपद पंचायत कोंडागांव से रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों के वाहनों को रवाना किया। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण में कोंडागांव विकासखंड में 17 फरवरी को सुबह 6.45 से दोपहर 2 बजे तक मतदान संपन्न होगा। इसके अंतर्गत सरपंच, पंच, जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य के पदों का निर्वाचन होगा।

## टमाटर 10 और प्याज 50 रुपए किलो तक बिका



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियां सस्ती बिकी। मटर 30, टमाटर 10, भट्टा 20, बरबटी 30, करेला 70, आलू 30, प्याज 50, अदरक 180, लहसून 250, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 70 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रुपए में 20 जूड़ी एवं मेथी भाजी 20 रूपए में 16 जूड़ी बिकी।

## जापानी बुखार से एक, सर्पदंश से 10 व स्वाइन फ्लू से 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग में एक वर्ष में जापानी बुखार के 49, सर्पदंश के 493 एवं स्वाइन फ्लू के 32 पीड़ित रहे। जापानी बुखार से एक, सर्पदंश से 10 और स्वाइन फ्लू से 3 मरीजों की मौत हो चुकी है। जापानी बुखार के बस्तर जिले, सर्पदंश के कांकेर जिले के 8, बीजापुर जिले में एक, नारायणपुर जिले में एक, स्वाइन फ्लू के बस्तर जिले में एक, कांकेर जिले में एक एवं दंतेवाड़ा जिले में एक मरीज की मौत हुई। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न वार्डों और जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि की टीम की ओर से भ्रमण किया जा रहा है। सर्वे दल की ओर से घर-घर भ्रमण कर सकारात्मक मरीजों का फॉलोअप कर घरों में सोर्ड रिडक्शन प्रचार-प्रसार लार्वा नष्ट किया गया। डॉक्टरों के अनुसार स्वाइन फ्लू, डेंगू के लक्षण काफी हद तक मिलते-जुलते हैं, इन लक्षणों में बुखार, सर्दी, जुकाम, गले में खराश, बदन दर्द, खांसी, पेट दर्द, उल्टी, दस्त, जी मिचलाना शामिल हैं। इसलिए स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए बार-बार साबुन और साफ पानी से हाथ धोएं, पौष्टिक आहार लें, अपने खाने में आंवला, संतरा, हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करें, मरीज पर्याप्त नींद लें। जन सामान्य को मच्छरदानी लगा कर सोना, आसपास पानी जमा होने न देना एवं किसी को भी बुखार होने पर सूचना देने को कहा।

- एक वर्ष में जापानी बुखार के 49, सर्पदंश के 493 व स्वाइन फ्लू के 32 मामले



### सीएमएचओ को दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि सभी जिलों के सीएमएचओ को निर्देश किया कि जिला मुख्यालय सहित जिले सभी ब्लॉकों में पहुंच कर घर-घर में लोगों की जांच करें।

## सुकमा-ओडिशा सरहद पर नक्सलियों का डंप किया गया विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छग में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने माओवादियों द्वारा ओडिशा व छग के सुकमा जिले से लगे इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक डंप किया गया था। सर्चिंग के दौरान बीएसएफ व ओडिशा पुलिस की टीम ने मौके से प्रेशर कुकर आईईडी, टिफीन आईईडी, डेटोनेटर व बारूद बरामद किया है। बीएसएफ की बीडीएस टीम द्वारा आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक खुफिया सूचना पर बीएसएफ सेंकड बटालियन व ओडिशा पुलिस की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली थी। इसी दौरान बार्डर से लगे सिलाकोटा रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में सर्चिंग के दौरान 4 अलग-अलग स्थानों से नक्सलियों द्वारा डंप किया गया विस्फोटक बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि माओवादियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए छग के सरहदी इलाकों में विस्फोटक डंप किया गया है जिसे बीएसएफ द्वारा लगातार बरामद किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली जब सुकमा व ओड़िशा सीमा से लगे जंगल व गांव में चार अलग स्थानों से सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में नक्सलियों द्वारा छिपाए गए उनके गोला बारूद बरामद किया गया।



### शिव और पार्वती के विवाह में शामिल हुए सैकड़ों भक्त

**दंतेवाड़ा।** सती की धरा दंतेवाड़ा में शिव महापुराण की कथा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। बालोद से आए शास्त्री अनिल तिवारी प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या कर रहे हैं और लोग बड़े ध्यान से कथा का श्रवण कर रहे हैं। आज शिवमहापुराण कथा में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग था। जिसमें भगवान शिव की बारात भी निकाली गई और विधिवत विवाह अनुष्ठान भी पूर्ण किया गया। भक्तों की ओर से ही घराती और बराती की भूमिका निभाई गई। आतिशबाजी के साथ शिव बारात निकाली फिर कन्यादान तथा टिकावन की रस्म भी निभाई गई।

## जपं क्षेत्र में चुनाव कराने 73 दल रवाना पिंक बूथों में महिलाकर्मी कराएंगी मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी को बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र में होगा। मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में तैयारियां कर ली गई है।

सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री वितरण कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर ने बताया कि चुनाव को लेकर मतदाताओं में पिछली बार की अपेक्षा इस बार ज्यादा रुझान देखने को मिल रहा है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरी तैयारियां की जा चुकी है। कलेक्टर ने मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए शुभकामनाएं देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बल के जवान जो मतदान एवं निर्वाचन में कार्यरत हैं उनसे कहा है पूरी तरह से अनुशासित रहे । आयोग के दिशा निर्देश का पालन करते हुए सुरक्षा के विषय पर लापरवाही न बरते। मतदान दल सुरक्षाकर्मी के निर्देश का पालन करें आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा संबंधी मामलों पर गंभीरता बरतें। बीजापुर जनपद क्षेत्र के लिए 73 मतदान दलों की नियुक्ति की गई जिसमें धनोरा एवं नैमेड़ के 5 मतदान केन्द्रों को महिला मतदाता कर्मियों द्वारा पिंक बूथ के माध्यम से सम्पन्न कराया जाएगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान होगा आज

**सुकमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत आज जिले के सुकमा जनपद में प्रथम चरण का मतदान होगा। जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 2 पद, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 10, सरपंचों की संख्या 33 एवं पंचों की संख्या 426 है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के 571, सरपंच के 108, जनपद सदस्य के 30 अभ्यर्थी मैदान में है। जनपद पंचायत सुकमा में कुल 35724 मतदाता शामिल है जिसमें 15958 पुरुष मतदाता और 19766 महिला मतदाता शामिल हैं। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। प्रथम चरण के मतदान के लिए कुल 82 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 12 पिंक बूथ बनाए गए हैं। मतदान अधिकारियों को रविवार सुबह को ही मतदान सामग्री का वितरण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुकमा से किया गया। सुकमा जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत सोमवार को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केंद्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव स्वयं निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रवार्ता में सरकार पर लगाए आरोप

# चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आए : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राजीव भवन में रविवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय चुनाव के पहले से ही सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। पहले चुनाव को टालने की कोशिश हुई, फिर तारीखों को आगे बढ़ाया गया। पहले घोषित किया गया चुनाव बैलेट पेपर से होगा, बाद में निर्णय हुआ ईवीएम से कराया जायेगा।

ईवीएम से मतदान निश्चित किया गया तो अध्यक्ष और पार्षदों के मशीनों को एक साथ जोड़ा गया। उसमें वीवीपैड की व्यवस्था नहीं किया गया। जबकि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है कि वीवीपैड जोड़ा जाना चाहिये। प्रदेश में मतदान के दौरान 100 से अधिक स्थानों पर ईवीएम बंद होने, खराब होने की शिकायतें आई,उन मतदान केंद्रों में जैसे-तैसे मतदान संपन्न हुआ। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते कहा सत्ताबल और धनबल का जमकर दुरुपयोग हुआ। जनता को प्रभावित करने के लिए शराब बांटे गये। प्रलोभन के लिए सामग्रियां बांटी गयी। पुलिस व प्रशासन का दुरूपयोग करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ति किया गया। जबरिया थानों में बंद रखा गया। भाजपा ने इस जीत के लिये तमाम तरीके के अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाये। इसके बावजूद हमारे कार्यकर्ता चुनाव में डटे रहे। जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहे।



### निराश जरूर है लेकिन हताश नहीं

श्री बैज ने कहा इन नतीजों से हम निराश जरूर है, लेकिन हताश नहीं है। प्रमुख विपक्षी दल के रूप में हम जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहेंगे। सरकार के कुशासन के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज होगी। इस नतीजे से भाजपा की साय सरकार के जनविरोधी कार्यों की माफी नहीं हो जाती है। पिछले 1 वर्ष में भाजपा सरकार ने जो भ्रष्टाचार किया है। बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर सरकार कल भी कटघरे में खड़ी थी, आज भी खड़ी है। मोदी की गारंटी के अधूरे कामों के समान अटल विश्वास पत्र के मुद्दे कागजो में दम न तोड़े कांग्रेस विपक्ष के रूप में सरकार को सचेत करती रहेगी।

### ये रहे मौजूद

पत्रवार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, पार्षद रशीद खान, रणजीत बख्शी, रविशंकर तिवारी,जावेद खान असीम सुता, शादाब अहमद, उस्मान रजा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मतदान करने रैली निकालकर किया जागरूक



**लोहंडीगुड़ा।** शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जाबो कार्यक्रम मतदाता जागरुकता अभियान ग्राम पंचायत उसरीबेड़ा जनपद पंचायत लोहंडीगुडा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली, मतदान शपथ, रंगोली, मानव श्रृंखला जाबो का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण जनों तक मतदान के लिए प्रेरित अपील किया गया। सभी अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने हेतु अनुरोध किया गया। जिसमें बिहान योजना के उसरीबेड़ा, बड़ाजी कलस्टर संगठन के समूह दीदी, पीआरपी, आरबीके, सक्रिय महिला, पशु सखी कृषि सखी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम लोहंडीगुडा उपस्थित हुए।

### पार्षद बनते ही खुला दफ्तर, सुनेंगे समस्या



**जगदलपुर।** राजेंद्र नगर वार्ड स्थित बहादुरगुड़ा में रविवार को नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे ने वार्ड कार्यालय का मां दन्तेश्वरी की पूजा और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा इस वार्ड में 30 वर्षों से कांग्रेस का कब्जा था। इस बार लक्ष्मण झा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया और जनता ने विश्वास किया। वार्ड के विकास के लिए बदलाव किया, उसके लिए उन्होंने वार्डवासियों का आभार माना। साथ ही वार्ड में पानी की समस्या और सफाई को लेकर आने वाले दिनों में वार्डवासियों की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। पार्षद लक्ष्मण झा ने कहा वार्ड वासियों ने भाजपा पर विश्वास जताया इसलिए काम होगा।

**चुनाव :** जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने जनता का आभार माना

# जिले के पांचों निकाय में भाजपा की प्रचंड जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के 3 नगर पलिका एवं 2 नगर पंचायत में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। पांचो निकाय में कांग्रेस अध्यक्ष का खाता नहीं खुला। दंतेवाड़ा में पहली बार भाजपा ने एक साथ पांचो नगरीय निकाय पर जीत हासिल की है।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि जनता के विश्वास और प्रदेश के विकास से नगरीय निकाय चुनाव में हम पूरे जिले में विजयश्री हासिल किये हैं। हमारे कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारी मजबूत इच्छा शक्ति के साथ चुनाव में जुटे थे जिसका सार्थक परिणाम भाजपा की प्रचंड जीत के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सृजनशील मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उत्कृष्ट नेतृत्व के माध्यम से महतारी वंदन योजना, किसानों को लेकर हितकारी फैसले, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जनता के बीच हम सफल हुए हैं। जिसका हमें लाभ मिला है।

कांग्रेस के पास न कोई मुद्दा है न कोई नेतृत्व है कांग्रेस केवल अफवाहों पर आधारित पार्टी रह गई है। भ्रष्टाचार से घिरी कांग्रेस को जनता ने करारा जवाब दिया है। जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सभी प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं और सरकार के सुशासन पर जनता ने मुहर लगाया है।

### जनता का विश्वास मिला है इसलिए सरकार की मदद से सारे वायदे पूरा करेंगे

**दंतेवाड़ा /गीदम।** भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के एक महीने पूर्व ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की। दंतेवाड़ा में भाजपा जिलाध्यक्ष बनाकर संतोष गुप्ता को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गयी। संतोष गुप्ता के कुशल नेतृत्व और परिपक्वता से जिले के पांचो निकायों में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि निकाय चुनावों में इस शानदार जीत के साथ भाजपा सभी के विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके पूरे प्रदेश को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल-कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त प्रदेश बनाने का काम करेगी। भाजपा की जीत के लिए प्रदेश की जन-शक्ति का आभार मानते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेसी दुराग्रह को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।



### प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित



**गीदम।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत जिले में प्रथम चरण के मतदान के लिये गीदम ब्लॉक में मतदान दलों को रविवार को मतदान सामग्री वितरित किया गया। इस दौरान रिटर्निंग आफिसर्स और सहायक रिटर्निंग आफिसरों द्वारा अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को मतपेटियां तथा मतपत्रों के अलावा मतदान सम्बन्धी अन्य सामग्री वितरित किया गया। गीदम ब्लॉक के 111 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित किया गया। इसके पश्चात मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मतदान सामग्रियों का मिलान कर निर्धारित रुट के बसों के जरिये सेक्टर आफिसरों के साथ अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत 17 फरवरी को जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत स्थापित मतदान केंद्रों में मतदान होगा। गीदम के स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण के दौरान सुबह से ही मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचने लगे। और मतदान सामग्री लेकर शाम तक अपने मतदान केंद्र में पहुंचे।

## चुनाव कराने 275 मतदान दल को जपं कोंडागांव से किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जनपद पंचायत अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 275 मतदान दल को आज जनपद पंचायत कोंडागांव से रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों के वाहनों को रवाना किया। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण में कोंडागांव विकासखंड में 17 फरवरी को सुबह 6.45 से दोपहर 2 बजे तक मतदान संपन्न होगा। इसके अंतर्गत सरपंच, पंच, जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य के पदों का निर्वाचन होगा।





## अस्पताल पहुंच रहे सर्दी, बुखार व खांसी के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज उपचार कराने ओपीडी पहुंच रहे हैं। ओपीडी की क्षमता 400-450 मरीजों की है, लेकिन पहुंच रहे हैं 700-800 से ज्यादा। पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने तक के लिए मरिजों को घंटो इंतजार करना पड़ रहा है, मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों पर दबाव बढ़ गया है। मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, बड़ी संख्या में लोग सर्दी-जुकाम, बुखार व खांसी की चपेट में आ रहे हैं। यही कारण है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 700-800 तक मरीज पहुंच रहे है। बताया जा रहा है कि महारानी अस्पताल के कादंबरी में एक माह में 280 महिलाओं का प्रसव हुआ। महिलाओं ने बताया कि शहर में महारानी अस्पताल होने से वे लोग मेडिकल कॉलेज नहीं जाना चाहते हैं, इसलिए प्रसव के लिए महारानी अस्पताल में बेड नहीं होने के बाद भी उपचार कराने के लिए पहुंचते हैं।

■ कादंबरी में एक माह में हुआ 280 महिलाओं का प्रसव



### ओडिशा के मरीज भी पहुंच रहे

जिला अस्पताल में जिले की आबादी के अलावा आसपास के जिले और सीमावर्ती राज्य ओडिशा के भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। इस वजह से इन पर क्षमता से अधिक दबाव हो जाता है। जिला अस्पताल की ओपीडी की क्षमता लगभग 500 मरीजों की बताई जाती है, लेकिन यहां औसतन 700 से अधिक मरीज हर रोज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

### डॉक्टर व स्टॉफ को दिए निर्देश

शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि डॉक्टरों एवं स्टॉफ को निर्देश दिया कि मरीजों के उपचार में कोई कमी न सके, इसका ध्यान रखें। हालांकि वे स्वयं अस्पताल के वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई का निरीक्षण समय-समय कर रहे हैं।

## केंद्रीय दल ने की स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा

**टीम ने बस्तर जिले के स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पापुलेशन रिसर्च सेंटर धारवाड़ (कर्नाटक) से आए केंद्रीय दल द्वारा गत 4 से 9 फरवरी तक बस्तर जिले के जिला अस्पताल, विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, और आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्तर पर दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए डॉ. नूतन कुमारी दिल्ली और चन्ना बसप्पा नुलवी के नेतृत्व में बस्तर जिले के प्रवास पर रहे। उन्होंने जिला अस्पताल जगदलपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलेपाल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोठियागुड़ा, करंजी और कुरेंगा का दौरा किया गया। टीम द्वारा एचआईएमएस रिपोर्ट में दी जा रही, संख्यात्मक रिपोर्ट का मैदानी स्तर पर सत्यापन किया गया। इसमें सामुदायिक स्तर से कर्मचारियों का और जनता का साक्षात्कार भी लिया गया और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर क्षेत्र में दी जा रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। बस्तर जैसे क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का आकलन कर संतोष व्यक्त किया। विशेष रूप से जिला अस्पताल में दी जा रही उच्च स्तरीय सेवा की जानकारी लेते हुए अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद और उनके अधीनस्थ कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा जिले के प्रभावित जनता को दी जा रही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। सेवाओं के साथ-साथ, साफ-सफाई और बायो मेडिकल वेस्ट के निपटान में बेहतरीन कार्य करने के लिए जिला अस्पताल जगदलपुर को राज्य स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के जिला मीडिया प्रभारी अधिकारी शकील खान ने बताया कि सेंट्रल की टीम द्वारा शनिवार को कार्य समाप्त कर लौटने से पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक से मिले।

## निर्माणाधीन सड़कों का चलित प्रयोगशाला वेन से हो रही जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के अंदरूनी एवं सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर मनमानी हो रही है।

इसके चलते संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव एवं कांकेर अंदरूनी प्रभावित क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों के गुणवत्ता जांच करने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता के निर्देश पर निर्माणाधीन सामग्रियों का चलित प्रयोगशाला वेन से टेस्ट किया जा रहा है। इसके चलते जनवरी माह में चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने कोंडागांव संभाग अंतर्गत उप संभाग केशकाल के जिला कोंडागांव के सोनपुर-बन्नुपारा-खजरावंड मार्ग निर्माण कार्य एवं उप संभाग क्रमांक-2 के जैटपुरी से गिरौला मार्ग निर्माण कार्य का जांच किया। हालांकि अचानक चलित प्रयोगशाला वेन से गुणवत्ता की जांच होने से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

### ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में मनमानी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जांच में कमी पाए जाने वाले सड़कों को शीघ्र ही दुरूस्त करें।

## सेंटर में विद्युत कर्मियों की टीम 24 घंटे तैनात, शिकायत पर पहुंच रहे कर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बिजली विभाग द्वारा बिजली बंद संबंधित शिकायत आसानी से दर्ज कराने हेतु विशेष सुविधा दी है, जिसके लिए नम्बर 1912 पर कॉल लगा रहे हैं, इससे उपभोक्ताओं की शिकायत पूरी हो रही है। इसके साथ ही बस्तर संभागीय मुख्यालय में 5 साल पूर्व जिला पंचायत कार्यालय के सामने फ्यूज कॉल सेंटर का क्रियान्वयन किया गया। इसमें सामान्य दिनों में एक दिन लगभग 20 और बारिश, आंधी, हवा होने से 200 से अधिक शिकायतें मिलती हैं, जिनमें से शिकायतों का निराकरण भी किया गया है। इस फ्यूज कॉल सेंटर का शटर पांच साल से बंद नहीं हुआ।

■ 5 साल से अब तक बंद नहीं हुआ फ्यूज कॉल सेंटर का शटर

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस तरह अब जगदलपुर में पूर्व संचालित पॉवर हाऊस तथा धरमपुरा फ्यूज कॉल सेन्टर के अतिरिक्त यह नया फ्यूज कॉल सेन्टर आरम्भ हो गया है। इस नए फ्यूज कॉल सेंटर के चालू होने से नया बस स्टैण्ड, हाउसिंग बोर्ड बोधघाट कॉलोनी, साकेत कॉलोनी, शांतिनगर, अवंतिका कॉलोनी, नयामुण्डा, इंडस्ट्रीयल एरिया,संजय बाजार, मोतीतालाबपारा, दन्तेश्वरी वार्ड, फ्रेजरपुर, मेटगुड़ा, गंगामुण्डा, बहादुरगुड़ा, नयापारा, राउतपारा, गीदम रोड, ईतवारी बाजार, राजेन्द्र नगर वार्ड, माड़ियापारा, महाराणाप्रताप वार्ड, परपानाका, सीएसईबी कॉलोनी,वन विद्यालय तथा रमैया वार्ड के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है। बताया जा रहा है कि इस फ्यूज कॉल सेंटर में 24 घंटे विद्युत कर्मचारियों की टीम तैनात रहती हैं।

### उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

विद्युत वितरण कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि इस व्यवस्था से एक विश्वसनीय एवं कम समय में शिकायत निराकरण की एक प्रभावी व्यवस्था है, जिसका लाभ सभी उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की स्पर्धा में जीते सैकड़ों पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

41वीं वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में संचालित खेल कार्यक्रमों के तहत कोण्डागांव के युवाओं ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2016 से लगातार आईटीबीपी द्वारा इन क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। 41वीं वाहिनी द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने 2016 से 2025 के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 328 पदक जीते, जिसमें 143 स्वर्ण, 94 रजत और 91 कांस्य पदक शामिल हैं। इनमें राष्ट्रीय स्तर पर 18 पदक और राज्य स्तर पर 291 पदक प्राप्त हुए हैं।



41वीं वाहिनी के प्रयासों की सराहना करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि इन युवाओं ने खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। आईटीबीपी ने इन खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

### चूरेगांव में पेड़ से गिरा युवक, पार्षद संगीता राव ने पहुंचाया अस्पताल

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चूरेगांव निवासी रतिराम मरकाम पिता राजमन मरकाम पेड़ में ईमली तोड़ने चढ़ा हुआ था। ईमली तोड़ने के दौरान वह पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल रतिराम राम को फरसगांव नगर के वार्ड क्रमांक 07 के नव निर्वाचित पार्षद संगीता प्रवीण राव की सहायता से तत्काल उपचार हेतु स्कूटी वाहन से फरसगांव अस्पताल लाया गया । घायल के सर में अंदरूनी चोट आने के चलते उसका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जंगल में मिला युवक का शव, जांच जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतगत ग्राम कोलियारी के जंगल में 14 फरवरी को सुबह 10 बजें मृतक कोरर निवासी 32 वर्षीय सुरेंद्र गावड़े का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। कोरगांव निवासी 30 वर्षीय लक्ष्मी गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या क्यो किया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल महिला की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत पोटेबेड़ा निवासी 55 वर्षीय सनोती बाई पोटाई ईलाज के दौरान 19 दिसंबर कि रात 10 बजें मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका मोटर सायकल से गिरकर घायल हो गई थी। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### कोबरा अधिकारी कसवां ने किया रक्तदान

**जगदलपुर।** कश्मीर पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों को सलामी और श्रद्धांजलि देते हुए उनकी याद में सीआरपीएफ कोबरा द्वितीय कमान अधिकारी देवेंद्र सिंह कसवां ने शहर में रक्तदान किया। उनका कहना है कि सीआरपीएफ देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए आंतरिक सुरक्षा में लगी है। सीआरपीएफ के वीर सिपाही चाहे कश्मीर हो, नक्सल प्रभावित क्षेत्र हो या अलगाववाद ग्रस्त क्षेत्र हो, सदैव सर्वोच्च बलिदान देने लिए तैयार रहते हैं। वीर शहीदों की याद में हर वर्ष देवेंद्र सिंह कसवां रक्तदान कर उनके बलिदानों को श्रद्धांजलि देते हैं । शहीदों की याद में कोबरा जवानों ने करणपुर में पौधरोपण भी किया।

### कांग्रेस के गढ़ में भाजपा से पहली बार चुने गए पार्षद

**जगदलपुर।** वार्ड क्रमांक 21 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड से भाजपा से पहली बार पार्षद बने लक्ष्मण झा ने कांग्रेस के दो बार के पार्षद कमलेश पाठक को हराकर कमल खिलाने में सफल हुए। इस वार्ड में नगर पालिका परिषद के दौर से लगभग 4 दशक तक कांग्रेस का कब्जा रहा।

### पंचायत चुनाव के लिए सामग्री वितरण


**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जगदलपुर और दरभा विकासखंड के निर्वाचन हेतु मतदान सामग्रियों का वितरण किया गया। कल सोमवार को यहां पंचायत चुनाव के लिए वोट डाले जाऐंगे। मतदान कर्मियों को दोनों विकासखंड के सभी मतदान केन्द्रों में सामान के साथ रवाना किया गया। कुछ संवेदनशील मतदान केन्द्रों में जाने वाले मतदान कर्मियों के साथ सुरक्षा बल भी रवाना हुए। बताया गया कि रविवार को सभी मतदान केन्द्रों में मतदान दल पहुंच गया है। सोमवार को सुबह पंचायत के 4 पद पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदाता वोट डालेंगे। सभी जगह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी की गई है।

परीक्षा : 15 परीक्षा केंद्र में छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

# राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में 5185 छात्रों ने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले से रिकार्ड 5185 छात्रो ने परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों में उत्साह देखने को मिला। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर जिले में अध्ययनरत कक्षा 8 वीं के छात्रों से परीक्षा फार्म भरवाया गया था। इन छात्रों को माह अगस्त 2024 से ही परीक्षा की तैयारी कराई जा रही थी , इसके लिए जिला प्रशासन ने प्रारंभ से ही प्रधानाध्यापकों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया था। प्रशिक्षण में एनएमएमएसई परीक्षा के गाईडलाईन की जानकारी दी गई जिसके अनुसार जिले में अध्ययनरत एवं अर्हताधारी कुल 5225 छात्र पंजीकृत हुए जिनमें से 5185 बच्चों ने परीक्षा दी, इनमें से केवल 40 छात्र अनुपस्थित रहे।



#### चार साल तक मिलती है छात्रवृत्ति

एनएमएमएसई परीक्षा के लिए केवल वही छात्र भाग ले सकता है जो शासकीय विद्यालय में पढाई कर रहा हो तथा जिसके पालक की आय 2.50 लाख से अधिक ना हो। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अगामी 4 वर्षो तक प्रति माह एक हजार रूपये छात्रवृत्ति प्राप्त होता है अर्थात एक वर्ष में 12 हजार तथा 4 वर्ष में 48 हजार का लाभ प्राप्त होता है। विगत 2023 में जिले से 135 छात्र व 2024 में 526 छात्र उत्तीर्ण हुए है। छात्रवृत्ति प्राप्त होने से यह बच्चे आगामी वर्षों में हायर सेकंडरी तक अपने पढ़ाई का खर्च भी वहन हो जाता है साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सहयोग भी प्राप्त हो जाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। उन्होंने बताया बताया कि विकासखंड अंतागढ़ में पंजीकृत 502 एवं उपस्थित 496, भानुप्रतापपुर 690 पंजीकृत उपस्थित 681, चारामा में पंजीकृत 919 एवं उपस्थित 913, दुर्गुकोंदल में पंजीकृत 676 एवं उपस्थित 674, कांकेर 745 पंजीकृत एवं 732, कोयलीबेडा पंजीकृत 793 उपस्थित 793, नरहरपुर पंजीकृत 900 उपस्थित 896 विद्यार्थी रहे।

यह परीक्षा भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है जिसे पूर्व में एससीईआरटी परीक्षा आयोजित करती थी किन्तु इस सत्र से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र प्रारंभ होने के साथ ही प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित कर बच्चों को ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा की जानकारी देने तथा सम्पूर्ण साल भर प्रैक्टिस करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए विगत दस वर्षों के प्रश्न पत्र विद्यालयों को उपलब्ध कराया गया है और जिला स्तर से प्रश्न पत्र व ओएमआर सेट प्रेषित कर 8 से 10 बार मॉक टेस्ट आयोजित कर प्रैक्टिस कराई गई है नियमित मूल्यांकन किया गया। समय समय पर बैठक विकासखंड स्तर पर आयोजित किया गया साथ ही कमजोर छात्रों का चिन्हांकन कर उन्हे परीक्षा हेतु तैयार किया गया। नियमित मानिटरिंग एवं सुपरविजन कर अपेक्षित परीणाम लाने का प्रयास विभाग द्वारा किया गया है।

# जिपं क्षेत्र 9 में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल में दूसरे चरण के तहत 20 फरवरी को चुनाव होना है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 आता है और यहाँ से अधिकृत करने के बाद भी कांग्रेस और बीजेपी के दो-दो उम्मीदवार मैदान में आ जाने से कार्यकर्ताओं के लिए संशय की स्थिति बन गई है।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य के क्षेत्र क्रमांक 09 में 09 प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला हो गया है। भाजपा ने नागसाय तुलावी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है, परंतु भाजपा का एक खेमा नाराज होकर जोहन गावड़े को चुनाव मैदान में उतारा दिया है। इसी प्रकार से कांग्रेस ने इस बार धनीराम ध्रुव को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है वहीं कांग्रेस से जिला पंचायत सदस्य रह चुकी अमिता उयके स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही है। भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के अलावा अन्य प्रत्याशियों के मैदान में उतर जाने से कार्यकर्ताओं में संशय की स्थिति बन गई है कि किसके साथ जाएं और किसके साथ न जाएं। इस समस्या के निदान के लिए उच्च स्तर के पदाधिकारी भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे है, ऐसी परिस्थितियों में उनकी यही मंशा लग रही है कि जिसको जिधर काम करना है, उधर करें, जो जीत के आएगा।

वहीं पार्टी में समाहित हो जाएगा। ऐसे में दोनो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसी जनचर्चा का विषय बना हुआ है, परंतु सभी ने मौन साध लिया है।

# कार पेड़ से टकराई, चालक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 15 फरवरी को केशकाल से कांकेर कि ओर आ रही सोल्ड कार में सवार जगदलपुर निवासी 27 वर्षीय ऋषभ त्यागी पिता शैलेंद्र त्यागी का वाहन से नियंत्रण हट गया। जंगलवार कॉलेज के पास कार अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे उतर गई और पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतना भयंकर था कि कार के सामने हिस्सा के परखच्चे उड़ गए और हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सको ने युवक के मौत हो जाने की पुष्टि किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया और पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

# योग प्रशिक्षण के साथ बीपी शुगर वजन जांच का लाभ ले रहे योगार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर वासियों का हुआ योग प्रशिक्षण के साथ साथ निःशुल्क बीपी शुगर वजन जांच 15 दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का जगदलपुर नगर में 15 जगहों पर हुआ जिसका नगरवासियों ने उठाया लाभ। 15 फ़रवरी से 2 मार्च तक चलने वाले योग शिविर में प्रतिदिन योग यज्ञ के साथ साथ बीपी शुगर वजन की जांच की जाएगी और पौष्टिक अंकुरित अनाज भी दिया जाएगा। इस शिविर में जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन सहित नगर के सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओ का सहयोग मिल रहा है।



# मोतीलाल नेहरू वार्ड में भाजपा नेता के भाई को कांग्रेस का टिकट मिलने से सहयोग पूरा नहीं मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू वार्ड लबे समय से भाजपा का गढ़ रहा है। पिछले तीन चुनाव से भाजपा के आलोक अवस्थी एवं उनके परिवार का कब्जा इस सीट पर रहा। आलोक अवस्थी को लगातार दूसरे चुनाव में भी अपने ही पार्टी के लोगों का विरोध का सामना करना पड़ा। अघोषित तौर पर भाजपा के वरिष्ठ सदस्यों का भी समर्थन आलोक को नही मिला। यहां तक उन्हें हराने के लिए भाजपा के पूर्व पार्षद कमल पटवा के भाई राजेन्द्र पटवा को कांग्रेस का टिकिट लेकर पार्षद का चुनाव लड़ाया गया। लेकिन वे कांग्रेस के राजेन्द्र को 380 वोट से हराकर विरोधियों को सबक सिखाने में कामयाब रहे। हरिभूमि से चर्चा में आलोक अवस्थी ने माना कि जितना सहयोग वरिष्ठ लोगों का मिलना था वह नहीं मिला।

### जीत के बाद घर पहुंचने लगे लोग...

जगदलपुर। नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे को रविवार को उनके शुभचिंतक सुबह से ही बधाई देने उनके निवास पहुंचे।



# बिना हेलमेट के खिलाफ कार्रवाई का दिख रहा असर, हेलमेट के साथ दिख रहे चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



यातायात अमले द्वारा हेलमेट नहीं लगाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का असर देखने को मिल रहा है। रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आड़ावाल स्थित मतपेटी वितरण केन्द्र में मौजूद दर्जनों दुपहिया वाहन चालक हेलमेट के साथ नजर आए। यातायात पुलिस द्वारा एक ओर जहां वाहन चालकों के खिलाफ

- बिना हेलमेट वाहन चालकों से वसूला गया 1 लाख रूपए से अधिक समन शुल्क

हेलमेट नहीं लगाने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है वहीं दूसरी ओर उन्हें दुर्घटना से बचने हेलमेट लगाने की अपील करते हुए जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के दौरान पिछले तीन दिन में दो सौ से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए एक लाख रूपए से अधिक समन शुल्क वसूला जा चुका है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि रविवार को जांच के दौरान यातायात पुलिस की टीम आड़ावाल में मौजूद थी इस दौरान पंचायत चुनाव के लिए मतपेटी वितरण केन्द्र में पहुंचे दर्जनों कर्मचारी हेलमेट लगाए हुए नजर आ रहे थे जिससे पता लगता है कि हेलमेट नहीं लगाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का असर देखने को मिल रहा है।

#### सिर में लगाने की बजाए हेलमेट को वाहन में टांगने की परम्परा देखने मिल रहा

जांच के दौरान दर्जनों ऐसे वाहन चालक मिले जो सिर की बजाए हेलमेट को गाड़ी के हेण्डल व थैले में लटकाए मिले। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पिछले तीन दिनों में 219 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 1 लाख 9 हजार 5 सौ रूपए समन शुल्क वसूला गया। डीएसपी सतोंष जैन ने बताया कि चालानी कार्रवाई के अलावा चालकों को समझाईश भी दी जा रही है कि हेलमेट अवश्य लगाए ताकि दुर्घटना होने पर जान बचाई जा सके। अधिकांश मौते सिर में चोट लगने की वजह से होती है ऐसे में हेलमेट लगाना आवश्यक है।

बिना हेलमेट वाले चालकों के खिलाफ अभियान का असर देखने मिल रहा है लेकिन एक नई परम्परा भी देखने मिल रही है चालक सिर की बजाए हेलमेट को वाहन में टांग कर व थैले में रखकर चल रहे है जिन्हे समझाईश दी जा रही है।

# बचेली से नकुलनार जाने वाली सड़क में गड्ढा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली से नकुलनार जाने वाली सड़क की हालत बहुत खराब हैं। पीना बचेली की सड़क के कटाव बहुत बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा हैं। कई बार ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारी को सूचना देने पर भी कोई इस और ध्यान नहीं दे रहा हैं। वहीं जिले में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैं, गुणवत्ता की कमी और देख-रेख के अभाव में जर्जर होती सड़क से ग्रामीण को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कटाव वाले स्थान पर चेतावनी बोर्ड, डेलीनेटर लगाने की व्यवस्था भी आज तक नहीं की गयी हैं। पीना बचेली, मुलसनार, मुचनार जैसे कई क्षेत्र से ग्रामीण मजदूरी करने इसी सड़क के सहारे बचेली आवागमन करते हैं। लेकिन प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं हैं। लगभग 1 साल पहले इस सड़क का मरम्मत किया गया था और पहली बारिश में ही सड़क की हालत खस्ता हो गयी, इसमें जगह-जगह गड्ढा हो गया हैं।

# खिलाड़ी को हार से चिंतित नहीं होना चाहिए : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला ओपन शतरंज चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 15 फरवरी को सम्पन्न हुई। पुरस्कार वितरण समारोह में पद्मश्री धरमपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने उदबोधन में जिला शतरंज संघ की कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को हार से चिंतित नहीं होना चाहिए बल्कि चिंतन करना चाहिए और सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया। राजेश त्रिपाठी और अशोक तिवारी विशेष अतिथि थे उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष और प्रदेश शतरंज संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव शशांक श्रीधर ने बताया यह टूर्नामेंट बस्तर जिले के लिए बहुत ऊंची उड़ान है, इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वीस पद्धति से बस्तर के आर्बिटरों ने पहली बार पूरी तरह से अपनी क्षमता से टूर्नामेंट सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की जिसमें बस्तर के ही आर्बिटरों पूर्णिमा सरोज, जयश्री शेंडे, अयाज़ चामड़िया और अभिनव जेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तरुण सारथी चीफ आर्बिटर थे जिन्होंने कम्प्यूटर पर हर राउंड की पेयरिंग, हर राउंड का रिजल्ट इत्यादि अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किए। शशांक श्रीधर ने कहा इसी स्प्रीट को बरकरार रखते हुए बहुत ऊपर उठना है। बस्तर में शतरंज का माहौल ऐसा क्रिएट करना है कि हर घर का बच्चा बोले मुझे चेस बोर्ड लेना है, चेस खेलना है। चेस में उज्जवल भविष्य भी है। आज खिलाड़ी के रूप में कैरियर तो है ही इसके अलावा एक उत्कृष्ट आर्बिटर और बेहतरीन कोच बनकर भी कैरियर को संवार सकते हैं। इस टूर्नामेंट की सफलता में प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी जी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण ओर प्रेरणादाई रहा।

यह टूर्नामेंट बस्तर में शतरंज के क्षेत्र में एक अंगद का पैर साबित होगा। और बस्तर अब आगे जाने के सपने देखने में सक्षम हो रहा है। यह सब जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों और सभी सदस्यों के अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग से ही संभव होने लगा है और संभव से संभावनाएं जन्म लेती है। इस अवसर पर नेशनल खेलने के लिए अवनी जेना को सम्मानित किया गया।

